<u>माडल प्रश्न पत्र</u>

कक्षा–12

व्यवसाय अध्ययन

समय– तीन घण्टे 15 मिनट पूर्णाक 100

नोट– प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देश 1– सभी प्रश्न अनिवार्य है।

2– प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय है। प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अतिलघु उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 30 शब्दों के अर्न्तगत लिखना है। प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 100 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है। प्रश्न संख्या 27 से 30 तक विस्तृत उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 250 शब्दों के अर्न्तगत लिखना है।

3–प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

<u>(बहुविकल्पीय प्रश्न)</u>

सही उत्तर का चयन कीजिए तथा अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।

1– प्रबन्ध का सामाजिक उत्तरदायित्व है– 1

अ– सभी के प्रति ब– केवल कर्मचारियों के प्रति

स– सरकार के प्रति द– केवल उपभोक्ता के प्रति

2– वैज्ञानिक प्रबन्ध के जन्मदाता थे– 1

अ– एच0एस0 पर्सन ब– डाइमर

स– एफ0डब्ल्यू0 टेलर द– इनमें से कोंई नही

3– जार्ज आर0 टेरी के अनुसार नियोजन के प्रकार हैं– 1

अ– आठ ब– छः

स– चार द– दो

4– गलत संगठन संरचना व्यवसायिक निशपादन को रोंकती है तथा यहां तक कि उसे नष्ट कर देती है, यह कथन है– 1

अ– ड्रकर ब– जार्ज आर0 टेरी

स– एलन द– ब्रीच

5– एक बड़े संगठन में नियुक्तिकरण उत्तरदायी है– 1

अ– उच्च प्रबन्ध ब– मध्यम प्रबन्ध

Downloaded from cclchapter.com

स– निम्न प्रबन्ध द– इनमें से कोई नही

6– निर्देशन के तत्व हैं– 1

अ– पर्यवेक्षण ब– नेतृत्व

स– अभिप्रेरण द– इनमें से सभी

7– नियोजन आवश्यक हैं– 1

अ– लघु उपक्रम के लिए ब– मध्यम श्रेणी के उपक्रम के लिए

स– बड़े आकार के उपक्रम के लिए द– उपर्युक्त सभी के लिए

8– वित्तीय प्रबन्धन की परम्परागत विचारधारा को त्याग दिया गया था– 1

अ– 1910–20 में ब– 1920–30 में

स– 1030–40 में द– 1040–50 में

9– भारत में कुल स्टाक एक्सचेंज (शेयर बाजारों) की संख्या है– 1

अ– 21 ब– 22

स– 23 द– इनमें से कोई नही

10– ए0एच0 मैस्लो निवासी थे– 1

अ– अमेरिका (संयुक्त राज्य अमेरिका) ब– फ्रांस

स– जापान द– इनमें से कोई नही

<u>(अति लघुउत्तरीय प्रश्न)</u>

11– नियोजन की परिभाषा दीजिए। 2

12– प्रबन्ध के कोई दो उदृदेश्य लिखिए। 2

13– प्रबन्ध की परिभाषा लिखिए। 2

14– संगठन की कोई दो विशेषताएं लिखिए। 2

15– नियुक्तिकरण का अर्थ लिखिए। 2

16– अभिप्रेरण की क्या अवधारणा है लिखिए। 2

17– वित्तीय प्रबन्धन की परीभाषा लिखिए। 2

18– व्यावसायिक वित्त के दो महत्व लिखिए। 2

19– कार्यशील पूंजी का क्या अर्थ है। लिखिए। 2

20– मुद्रा बाजार का क्या अर्थ है। लिखिए। 2

Downloaded from cclchapter.com

(लघुउत्तरीय प्रश्न)

21– प्रबन्ध विज्ञान एवं कला दोनो है। व्याख्या कीजिए। 5

22– नियोजन की सीमाएं लिखिए। 5

23– पूँजी एवं पूँजी संरचना में अन्तर लिखिए। 5

24– चयन प्रकिया में साक्षात्कार के महत्व की व्याख्या कीजिए। 5

25– प्रबन्ध के सिद्वान्तों की आवश्यकता किन कारणों से है व्याख्या कीजिए। 5

26– औपचारिक एवं अनौपचारिक संगठन में अन्तर लिखिए। 5

(विस्तत उत्तरीय प्रश्न)

27– हेनरी फेयाल के अनुसार प्रबन्ध का अर्थ पूर्वानुमान लगाना, और योजना बनाना, संगठन करना, आदेश देना, समन्वय करना और नियन्त्रण रखना। इस कथन की व्याख्या लिखिए। 10

अथवा

टेलर के वैज्ञानिक प्रबन्ध के सिद्वान्तों की व्याख्या कीजिए। 10

28– नियोजन के प्रकारों का वर्णन कीजिए। 10

अथवा

संगठन ढांचे के निर्माण के समय ध्यान देने योग्य बातों का उल्लेख कीजिए।

29– नियुक्तिकरण प्रकिया पर प्रकाश डालिए। 10

अथवा

पर्यवेक्षण की परिभाषा दीजिए। किसी आधौगिक उपकम में पर्यवेक्षण के महत्व का वर्णन कीजिए। 10

30– किसी कम्पनी में स्थायी पूँजी आवश्यकताओं के निर्धारित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए। 10

अथवा

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के उददेश्यों एंव कार्यों की व्याख्या कीजिए। 10

Downloaded from cclchapter.com

Downloaded from cclchapter.com